Social Justice Union Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 18 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 291



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


## महत्वपूर्ण एवं खास

### झबरेड़ा में दो कारों की टक्कर में दो लोगों की मौत

**रुडक़ी (आरएनएस)।** लखनोता चौकी क्षेत्र के गांव गोकुलपुर के पास दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई टक्कर होने पर एक कार में सवार राहुल 28 वर्षीय निवासी सिमलाना थाना बडग़ांव सहारनपुर उत्तर प्रदेश और दूसरी कर में सवार जनेश्वर 60 वर्षीय निवासी मोहनपुरा मोहम्मदपुर रुडक़ी की मौके पर ही मौत हो गई। जनेश्वर के साथ कार में सवार दीपक निवासी ग्राम लहबोली, अंकित निवासी, अतुल निवासी थाना लक्सर और अंकित निवासी कनखल हरिद्वार गंभीर रूप से घायल हो गए। लखनौता चौकी इंचार्ज नीरज रावत ने बताया कि सडक़ दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुडक़ी भेज दिया गया और सूचना परिजनों को दी गई है।

### हरियाणा सरकार का तोहफा, अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का किया ऐलान

**रोहतक (आरएनएस)।** हरियाणा सरकार ने विधानसभा चुनाव होने से पहले बड़ा दांव खेला है। सरकार ने अग्निपथ योजना को लेकर बड़ी घोषणा कर दी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि हमारी सरकार हरियाणा में पूर्व अग्निवीरों को सीधी भर्ती में 10 % आरक्षण प्रदान करेगी। राज्य सरकार द्वारा कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ के पदों पर भर्ती में अग्निवीरों को यह लाभ दिया जाएगा। इसके साथ ही सैनी ने बिना ब्याज 5 लाख तक कर्ज देने का भी ऐलान किया है। गौरतलब है कि अग्निपथ योजना 14 जून 2022 को पीएम मोदी द्वारा लागू की गई थी। इस योजना के तहत, अग्निवीरों को 4 साल के लिए भारतीय सेना में तैनात किया जाता है। देशभर में इस योजना को लेकर मोदी सरकार को भारी विरोध झेलना पड़ा था।

### गाजियाबाद : हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, साथी फरार

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद की लोनी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा और एक चोरी की स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि 16/17 जुलाई की रात में चेकिंग के दौरान निठौरा अंडर पास के पास स्कूटी सवार दो व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो दोनों रेलवे लाइन के किनारे कच्चे रास्ते की तरफ भागने लगे। पुलिस ने इनका पीछा किया तो हड़बड़ी में स्कूटी फिसल गई। अपने को घिरता देख दोनों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें एक बदमाश घायल हो गया और दूसरा अंधेरे का फायदा उठा भागने मे कामयाब हो गया। घायल बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम तोपेश उर्फ विनय तोमर बताया है। उसने ये भी बताया है कि 12 जुलाई की रात को उसने और उसके साथी योगी उर्फ यश शर्मा ने सर्वोदय नर्सिंग होम के निकट बंथला फ्लाई ओवर पर एक व्यक्ति पर जान से मारने की इरादे से फायरिंग की थी। इस बदमाश के पास से बरामद हुई स्कूटी भी चोरी की है। जिसे 28 जून को चुराया गया था। अब पुलिस इसके फरार साथी को पकडऩे का प्रयास कर रही है और उसके लिए कांबिंग की जा रही है। पुलिस की अलग-अलग टीमें उसको पकडऩे के लिए दबिश दे रही हैं।

# तेल टैंकर समुद्र में पलटा, 13 भारतीयों समेत चालक दल के 16 सदस्य लापता; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**नई दिल्ली । आरएनएस**

सोमवार को ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर पलट गया। जिसमें 13 भारतीयों सहित 16 चालक दल के सदस्य सवार थे, वो सभी लापता हो गए हैं। यह जानकारी अभी सामने आई है। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र ने बताया कि यह जहाज कोमोरोस का झंडा लगा हुआ तेल टैंकर था। जो दुकम बंदरगाह शहर के पास रस मदरका से लगभग 25 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में पलट गया। समुद्री सुरक्षा केंद्र ने बताया कि लापता चालक दल के सदस्यों को बचाने के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है।



इसमें यह भी बताया गया कि कोमोरोस के झंडे वाले तेल टैंकर का नाम प्रेस्टीज फाल्कन है। इसमें 16 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 13 भारतीय और तीन श्रीलंकाई नागरिक थे। केंद्र ने बताया कि जहाज 'पानी में डूबा हुआ और उल्टा' था। हालांकि, केंद्र ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि जहाज में तेल या तेल उत्पाद समुद्र में लीक हो रहे थे या जहाज पलटने के बाद स्थिर हो गया था।

एलएसईजी के शिपिंग डेटा के अनुसार, तेल टैंकर अदन के यमन बंदरगाह की ओर जा रहा था और ओमान के दुकम के पास पलट गया, जो एक औद्योगिक बंदरगाह है और देश के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित है। एक रिपोर्ट के अनुसार, तेल टैंकर 117 मीटर लंबा जहाज है, जिसे 2007 में बनाया गया था।

## शराब से भरा ट्रक सोन नदी में गिरा

**शहडोल । आरएनएस**

मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में शराब से भरी एक मिनी ट्रक के सोन नदी में गिरने का मामला आज प्रकाश में आया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहडोल-रीवा मार्ग पर एक मिनी ट्रक सोन नदी के पुल से कल रात नदी में गिर गया, जिससे ट्रक में रखी शराब की बोतलें बिखर गई। इस बीच कई राहगीरो ने शराब की बोतल लूट कर ले गये। पुलिस के अनुसार शराब शहडोल से ब्योहारी जा रही थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## एनसीबी को बड़ी सफलता, छापेमारी कर पकड़ा 60 करोड़ का मेफेड्रोन; मादक पदार्थ गिरोह का मुख्य सदस्य अरेस्ट

**मुंबई । आरएनएस**



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने नवी मुंबई में करीब 60 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन जब्त करने के बाद पिछले महीने भंडाफोड़ किए गए मादक पदार्थ गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी सूफियान खान का नाम 26 जून को वाशी में मादक पदार्थ जब्ती के बाद जांच के दौरान सामने आया। एनसीबी ने ड्रग रैकेट का पर्दाफाश तब किया था जब उसने 31.5 किलोग्राम मेफेड्रोन, एक सिंथेटिक प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया था (जिसकी कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये थी) और मुंबई के नागपाड़ा, डोंगरी और वडाला इलाकों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

हालांकि, अधिकारी ने बताया कि खान, जिसे एनसीबी ने ड्रग सिंडिकेट का एक महत्वपूर्ण सदस्य बताया है, ऑपरेशन के बाद अपने ठिकाने और फोन नंबर बदलता रहा। उन्होंने बताया कि एनसीबी अधिकारियों ने विशेष सूचना के आधार पर काम किया और सोमवार को वाशी स्थित एक लॉज से खान को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि खान मुम्बई के शिवड़ी इलाके से अपना काम करता था और उसका आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

## खुद को ब्रह्मा, विष्णु, महेश और राम कहने वाले बाबाओं पर लगेगा बैन, 112 को नोटिस जारी

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारत में खुद को भगवान कहने वाले बाबाओं की तादात लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे बाबाओं पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने नाराजगी जाहिर की है। तीन अखाड़ों ने अपने 112 संतों को नोटिस दिया है।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि आजकल ऐसा ट्रेंड चला है कि हर कोई अपने आप को उपासक-पुजारी नहीं, भगवान कह रहा है। खुद को ब्रह्मा, विष्णु, महेश और राम कह रहे हैं, ऐसे संतों पर कार्रवाई होना अति आवश्यक है। प्रयागराज के कुंभ में ऐसे व्यक्तियों को भूमि नहीं दी जाएगी।' जिसको लेकर 112 संतों को नोटिस भी जारी किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति के विरोध में जो जाएगा, उस पर कार्रवाई होगी। मंच से अल्लाह हू अकबर कहना, नमाज पढऩा उचित नहीं है। मंच पर पति-पत्नी बैठकर शादी करें, ये चीजें अच्छी नहीं हैं। ऐसे संतों को चिह्नित किया जाएगा, जो सनातन के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं।'

बता दें कि जूना अखाड़े ने 54 संत, श्री निरंजनी अखाड़े ने 24 संतों और निर्मोही अनी अखाड़े ने 34 संतों को नोटिस थमाया है। संतों ने 30 सितंबर तक संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो महाकुंभ-2025 में प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़े सनातन धर्मावलंबियों की आस्था व समर्पण का केंद्र हैं। मौजूदा समय 13 अखाड़े हैं। उन्हें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के माध्यम से संगठित किया गया है।

## गाजा पट्टी में इजरायली सेना ने बरपाया कहर, 40 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा**

गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा किए गए दो अलग-अलग हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए। हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय ने एक बयान में ये बात कही है। बयान में कहा गया है कि सेंट्रल गाजा में मंगलवार को नुसेरात शरणार्थी शिविर में संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अल-रज़ी स्कूल में एक हमले में 23 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि 73 अन्य घायल हो गए।



इजरायली हवाई हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई। हमले में स्कूल आंशिक रूप से नष्ट हो गया। मीडिया कार्यालय ने कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल-मवासी इलाके में हुए एक दूसरे हमले में 17 फिलिस्तीनी मारे गए और 26 अन्य घायल हो गए। यहां सैकड़ों विस्थापित परिवार टेंट में रह रहे थे।

इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर, इजरायली वायु सेना (आईएएफ) ने नुसेरात के क्षेत्र में यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल में रह रहे सक्रिय आतंकवादियों पर हमला किया। इसमें कहा गया है कि आईएएफ ने पश्चिमी खान यूनिस में इस्लामिक जिहाद की नौसेना इकाई के एक कंपनी कमांडर पर भी हमला किया।

उधर वेस्ट बैंक में इजरायली सेना ने जेनिन में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय मीडिया द्वारा प्रकाशित फुटेज में दिखाया गया है कि एक इजरायली सैन्य ट्रक, जिस पर फ़िलिस्तीनी लाइसेंस प्लेट लगी हुई थी और जिसमें एक दर्जन से ज़्यादा सैनिक सवार थे, शहर में घुस आया। इसके बाद इजरायली सेना ने जेनिन के तलत अल-दाबूस इलाके में धावा बोला और इन लोगों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया।

# खदान में डूबने से दो नाबालिग भाइयों की मौत

**श्योपुर । आरएनएस**

ओछापुर की खदान में दो नाबालिग की डूबने से मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई थे। 12 साल का बच्चा खदान के पास खड़ा था, उसका पैर फिसला और पानी में जा गिरा। ये देख 17 साल का उसका भाई बचाने के लिए पानी में कूद गया।

ओछापुरा में मो रोड के पास अवैध पत्थर खदान है। ओछापुरा थाना प्रभारी जय सिंह रघुवंशी ने बताया, बुधवार सुबह करीब 9 बजे धर्मेंद्र (12) और रामवतार माली (17) रिश्तेदार के साथ बकरियां चराने खदान के पास गए थे। जब बकरियों को पानी पिलाने लगे तो धर्मेंद्र का पैर फिसला और वह डूबने लगा। भाई को डूबता देखकर रामावतार भी खदान में कूद गया। दोनों को ही तैरना नहीं आता था। जब तक लोग वहां पहुंचे दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।



ओछापुरा की जिस पत्थर खदान में दो बच्चे डूबे हैं, वह सालों से अवैध रूप से संचालित की जा रही है। खनन से यहां बड़ा गड्ढा बन गया है, जिसमें बारिश का पानी भरा है। खदान के चारों तरफ सुरक्षा के लिए फेंसिंग भी नहीं की गई है।

परिजन प्रभुलाल का कहना है कि बच्चे घर से बकरी चराने के लिए गए निकले थे। खदान अवैध थी, जिसमें बहुत पानी भरा था। बच्चे शायद नहाने लगे या गिर गए, पता नहीं। पानी में डूबकर उनकी मौत हुई है।

विजयपुर एसडीएम बीएस श्रीवास्तव का कहना है कि खदान अवैध है, जिससे ग्रामीण अपनी जरूरत के हिसाब से पत्थर निकलते हैं। आगे इस तरह की घटना न हो इसके लिए इंतजाम कराएंगे और मृतकों को शासन की गाइडलाइन के हिसाब से 4-4 लाख रुपए दिए जा रहे हैं।

## पंचकूला: बरसाती नाले में बहे 2 बच्चे, एक निकल कर बाहर आया, दूसरा बहा

**पंचकूला (आरएनएस)।** सेक्टर 16 के इंदिरा कालोनी के बरसाती नाले में बुधवार को 2 बच्चे बह गए। इनमें से एक बच्चा नाले से बाहर निकल आया जबकि दूसरा बच्चा बरसाती नाले में बह गया। पीड़ित बच्चे के पिता मोनू ने बताया कि उसका छोटा बेटा वरुण तो नाले से बाहर निकल आया। लेकिन, सिमरत जिसकी उम्र करीब 10 साल है, वह पानी में बह गया। दरअसल, वह नाले में एक पट्टे पर पैर फिसलने से गिर गया। एनडीआरएफ की टीम ने पहले इंदिरा कॉलोनी के नाले में सर्च किया। फिर चंडीगढ़ के विकास नगर से होते हुए बलटाना से जीरकपुर तक सर्च अभियान चलाया। लेकिन, बच्चे का कहीं सुराग नहीं लगा।

## अनियंत्रित होकर यात्री बस 200 मीटर गहरी खाई में गिरी, 26 लोगों की मौत-14 घायल

**लीमा**




पेरू के अयाकुचो क्षेत्र में एक यात्री बस दुर्घटना में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। अयाकुचो क्षेत्र के कैंगालो प्रांत के पारस जिले में लॉस लिबर्टाडोरेस राजमार्ग पर एम्प्रेसा टूरिज्मो मोलिना यूनियन एसएसी का वाहन सडक़ से उतरकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया।

राष्ट्रीय पुलिस सडक़ सुरक्षा प्रभाग के प्रमुख जॉनी रोलांडो वाल्डेरामा के अनुसार, बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। स्थानीय स्वास्थ्य सुविधाओं, अग्निशमन विभाग और पुलिस स्वास्थ्य सेवा ने पांच एम्बुलेंस दुर्घटना स्थल पर भेजी।

पेरू के समाचार आउटलेट्स और सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में एक क्षतिग्रस्त बस खाई में पड़ी हुई दिखाई दे रही है, तथा जमीन पर मलबा बिखरा हुआ है। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पेरू में होने वाली 70 प्रतिशत दुर्घटनाएं मानवीय कारणों से होती हैं।

## भारत लोट आने पर दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया ने ली चैन की सांस

**मुंबई । आरएनएस**



टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी और उनके पति विवेक दहिया इटली से इंडिया वापस लौट आए हैं। कपल मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। इस मौके पर दिव्यांका ने कहा कि उन्होंने देश में लैंड करने के बाद ही चैन की सांस ली।

दिव्यांका और विवेक इटली के फ्लोरेंस शहर वेकेशन मनाने गए थे, जहां उनका सामान और पासपोर्ट चोरी हो गया था।

एयरपोर्ट पर जहां दिव्यांका की आंखों में देश वापस लौटने की खुशी साफ चमक रही थी। वहीं, उनके पति विवेक भी काफी राहत भरी सांस लेते हुए नजर आ रहे थे।

इंडियन एम्बेसी ने जारी किए थे इमरजेंसी सर्टिफिकेट

इससे पहले 14 जुलाई को कपल ने इटली में इंडियन एम्बेसी द्वारा जारी किए गए इमरजेंसी सर्टिफिकेट के साथ एक फोटो शेयर किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, 'जल्द ही भारत आ रहे हैं। हम आपके अपार प्यार और समर्थन के लिए 'आपको' धन्यवाद देना चाहते हैं। हमारी 'घर वापसी' को संभव बनाने के लिए इंडियन एम्बेसी को बहुत-बहुत धन्यवाद।' दिव्यांका-विवेक के साथ क्या हुआ था?

दिव्यांका पति विवेक के साथ अपनी शादी की 8वीं एनिवर्सरी मनाने के लिए इटली के फ्लोरेंस शहर गई थीं। यहां उनका 10 लाख रुपए का सामान और पासपोर्ट चोरी हो गया था।

**कार का शीशा तोडक़र चुरा लिया सामान-** इटली में कपल ने किराए पर एक कार ली थी, जिसके जरिए वो रहने के लिए होटल और रिसोर्ट देख रहे थे। बुकिंग के सिलसिले में वो एक रिसोर्ट गए थे, लेकिन जब वो बाहर आए तो देखा कि उनकी कार के शीशे तोडक़र उनका सारा सामान चोरी कर लिया गया है। चोरी हुए सामान में उनके पैसे और पासपोर्ट भी थे। साथ ही बीते दिन की गई शॉपिंग का सारा सामान भी कार में ही था।

## अमरनाथ यात्रा : 18 दिनों में 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू । आरएनएस**

अमरनाथ यात्रा जारी है और श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर उत्साह भी बरकरार है। जानकारी के अनुसार, यात्रा के शुरू होने के बाद से अब तक 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं।

वार्षिक यात्रा का प्रबंधन करने वाले श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि 29 जून को यात्रा शुरू होने के बाद से पिछले 18 दिनों में 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा मंदिर के अंदर दर्शन किए हैं।



अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 3,740 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। उन्होंने कहा, आज सुबह 3,740 यात्रियों को लेकर बसें जम्मू के भगवती नगर से घाटी के लिए रवाना हुई है। इस काफिले में सुरक्षा के मद्देनजर दो टीमें भी साथ हैं। इनमें से पहला सुरक्षा काफिला 55 वाहनों में 1,435 यात्रियों को लेकर सुबह 3:05 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

उन्होंने बताया कि 72 वाहनों में 2,305 यात्रियों को लेकर दूसरा काफिला सुबह 3:55 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ है। इस साल की यात्रा शुरू होने के बाद पहली बार अधिकारी बीमार यात्रियों के इलाज के लिए एक अनूठी टट्टू एंबुलेंस सेवा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

दरअसल, इस एंबुलेंस सेवा का बालटाल और पहलगाम यात्रा मार्गों पर यात्रियों को ऊंचाई से होने वाली बीमारी या अन्य स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि इस एंबुलेंस सेवा का इस्तेमाल करते हुए स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर और पैरामेडिक्स ने अब तक दोनों यात्रा मार्गों पर 1,200 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया है।

बता दें कि गुफा मंदिर में एक बर्फ की संरचना है, जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि यह बर्फ की संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। यह गुफा कश्मीर में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग या उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं।

पहलगाम-गुफा मंदिर की दूरी 48 किलोमीटर लंबी है और तीर्थयात्रियों को मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच दिन लगते हैं। बालटाल-गुफा मंदिर की दूरी 14 किलोमीटर लंबी है और तीर्थयात्रियों को दर्शन करने व बेस कैंप पर लौटने में एक दिन लगता है। इस साल की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन त्योहारों के साथ संपन्न होगी।